अमर उजाला
बरेली
बुधवार, 22 जनवरी 2020

Page No :09 Bottom

एसआरएमएस कॉलेज के तीन छात्रों का वीवीडीएन में चयन

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीस ने पूल कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया। इसमें एसआरएमएस ग्रुप के कॉलेजेज, एमआईटी मुरादाबाद और इन्वर्टिस विवि के 78 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें से कुल 9 विद्यार्थियों को शार्टलिस्ट किया गया। चयनित छात्रों में एसआरएमएस कॉलेज के बीटेक के तीन छात्र शामिल हैं। इन्हें 3.20 लाख सालाना पैकेज दिया गया है। प्लेसमेंट ड्राइव में टीएंडपी आफिसर निर्मल जोशी, प्रो. सुभाष मेहरा, ट्रस्ट प्रशासक डॉ. प्रभाकर गुप्ता, नेहा सक्सेना और प्रियंका गुप्ता का सहयोग रहा।